प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष के अंतिम मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' को आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात प्रेरणादायक है और प्रधानमंत्री ने इसमें वर्ष 2025 की उपलब्धियों, ऑपरेशन सिंदूर तथा खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का उल्लेख किया।

***************

नई दिल्ली में 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन "विकसित भारत के लिए मानव पूंजी" विषय पर प्रारंभिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा तथा खेल जैसे क्षेत्रों पर व्यापक मंथन हुआ। सम्मेलन में झारखंड सरकार की ओर से मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की और राज्य की मदर–चाइल्ड प्रोटेक्शन फ्लिपबुक, आंगनबाड़ी–आशा नेटवर्क तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप टीचर प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम जैसी पहलों को प्रस्तुत किया। बताया गया कि शिक्षक प्रशिक्षण के पहले चरण में 1 लाख 10 हजार से अधिक शिक्षकों की 99 प्रतिशत से ज्यादा भागीदारी रही, जो मानव संसाधन विकास के लिए झारखंड की प्रभावी पहल को दर्शाती है।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 29 दिसंबर यानी कल के प्रस्तावित जमशेदपुर दौरे को लेकर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं और उनके सोनारी हवाई अड्डा आगमन से लेकर कार्यक्रमों के मद्देनज़र आज जिला प्रशासन ने मॉक ड्रिल किया। राष्ट्रपति सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर सोनारी हवाई अड्डा पहुँचेंगी, इसके बाद ओल चिकि लिपि के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम को संबोधित करेंगी और दोपहर में एनआईटी आदित्यपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होकर 3 बजकर 40 मिनट पर रांची लौटेंगी। कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए करीब ढाई हजार पुलिसकर्मी, 10 आईपीएस और दो आईएएस अधिकारियों की तैनाती की गई है और कड़ी सुरक्षा के बीच कार्यक्रम संपन्न होगा।

डी आईजी कोल्हान, जमशेदपुर ऑन राष्ट्रपति दौरा

***************

लोहरदगा जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज बिरसा मुंडा संग्रहालय में आयोजित 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन' के फ्लैग–ऑफ समारोह में कहा कि यह अभियान राष्ट्रभक्ति, युवा शक्ति और जनजातीय गौरव का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को अन्याय और औपनिवेशिक दमन के विरुद्ध भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए एनसीसी बिहार–झारखण्ड निदेशालय एवं कैडेट्स की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड से प्रारंभ होकर लगभग 1300 किलोमीटर की यह साइकिल यात्रा नई दिल्ली तक पहुँचेगी और स्वतंत्रता संग्राम में राज्य के योगदान को देशभर में पहुँचाएगी।

***************

राजधानी रांची में आज से विमेंस हॉकी इंडिया लीग का आगाज हो रहा है, जो 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक चलेगा। इसमें चार टीमों की 56 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। मोराबादी स्थित मरांग गोमके

जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में उद्घाटन मैच रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स दिल्ली के बीच खेला जाएगा। 14 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 12 लीग मैच खेले जाएंगे, जिनमें भारत सहित नीदरलैंड, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी भाग लेंगे तथा फाइनल मुकाबला 10 जनवरी को होगा।

**********समाप्त**********